- मंगलमूर्ति इन्दिरा गांधी जनता कॉलेज, डबोक, उदयपुर
- राजस्थान बाल कल्याण समिति, झाड़ोल
- लोक नायक सेवा समिति, उदयपुर
- कल्याणी समग्र विकास परिषद्, कोल्यारी
- प्रयास संस्था, उदयपुर

❖ सुखाड़िय शिक्षण प्रबन्ध समिति, उदयपुर

❖ आदर्श शिक्षा समिति सेरिया सलूम्बर, उदयपुर

❖ अरावली अनुसंधान विकास सोसायटी, उदयपुर

❖ लोक शिक्षण प्रतिष्ठान, उदयपुर

उदयपुर जिले में एकीकृत बाल विकास योजना, पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र एवं वातावरण निर्माण की गतिविधियों के साथ महिला एवं बाल विकास का कार्य करते रहे है। जिले के विभिन्न विकास खण्ड़ों में निम्नानुसार यह परियोजना कार्य कर रही है :–

लोक जुम्बिश की विभिन्न गतिविधियों में समन्वयन के साथ कार्य किया जा रहा है।

क्रसं.	जिला	सामान्य लक्ष्य	उपलब्धि	विश्व बैंक लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य योग	उपलब्धि
1	उदयपुर	44300	29505	5100	3756	49400	33261

लोक जुम्बिश परियोजना, शिक्षाकर्मी परियोजना, राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशालाओं के माध्यम से जन जन में शिक्षा के प्रति वातावरण निर्माण कर निरन्तर प्रगति की जा रही है। प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता हेतु जिले में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्तमान में विद्यमान राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को शाला सामग्री यथा दरी पट्टी दरी फर्नीचर ग्लोब नक्शें चार्ट सहायक अधिगम सामग्री एवं आनन्दायी शिक्षण हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर गुणवत्ता हासिल की जा रही है।

साथ ही विकलांगों, महिलाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में सभी जातियों एवं वर्गों के लिए कार्य किया जा रहा है।

सामर्थ्य निर्माण

जिले में समस्त विभागों से समन्वयन एवं सहयोग के साथ दुर्गम एवं निकट परिस्थितियों में रह रहे जिलों के निवासियों हेतु सभी प्रकार के विकास हेतु प्रयास किया जा रहे है।

1. सामर्थ्य निर्माण के क्षेत्र में गांवों के पढ़ेलिखे युवक एवं युवतियों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान करते हुए शिक्षण की बागडोर संभालने हेतु तैयार किये जा रहे है। विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं निर्माण के निरन्तर विभिन्न स्तर पर प्रयास कर इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

2. जन प्रतिनिधियों एवं ग्राम शिक्षा समितियों को स्वयं के गांव में शिक्षा व्यवस्था हेतु जागरूकता लाई जा रही है। अप्रशिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षकों को निरन्तर प्रशिक्षण प्रदान कर उनके सामर्थ्य को बढ़ाया जा रहा है।

3. औपचारिक वैकल्पिक नवाचार युक्त शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकतानुसार जिले में शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

4. शिक्षा के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन हेतु निरन्तर विभिन्न कार्यक्रमों यथा महिला एवं बाल विकास किशोरी मंच अध्यापिका मंच महिला बाल मेलों एवं विभिन्न सामाजिक चेतना कार्यक्रमों के माध्यम से सामर्थ्य का प्रयास किया जा रहा है। समाज में ज्यादा बुराईयों को दूर कर नवीन सोच को विकसित किया जा रहा है।

1. एकल अध्यापिका विद्यालय में और अध्यापक लगाये जाये।

2. जनजाति आश्रम एवं आवासीय विद्यालय छात्रवासों का निर्माण।

3. विकलांगों के लिए शिक्षा व्यवस्था।

4. आवासीय बालिका शिक्षण शिविर।

5. वंचित वर्ग के लिए शिक्षा व्यवस्था।

अध्याय – 4

"सर्व शिक्षा अभियान" – लक्ष्य एवं उद्धेश्य

भूमिका

सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभिक शिक्षा का समुदाय के सहयोग से सार्वजनीनकरण करने का एक प्रयास है। यह 6–14 आयुवर्ग सभी बच्चों के लिये निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने सम्बन्धी सवैधानिक प्रतिबद्वता के अनुसारण में सर्व सुलभ प्रारंभिक शिक्षा का प्रावधान स्वतन्त्रता प्राप्ति से ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मुख्य विशेषता रही है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा कार्य योजना 1992 में इस संकल्प की मुखर अभिव्यक्ति हुयी है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना में दिये गये महत्व के अनुसरण में कई योजनाएँ तथा कार्यक्रम आरम्भ किये गये जिनमें प्रमुखतः आपरेशन ब्लेक बोर्ड (OBB) अनौपचारिक शिक्षा महिला समस्या, गुरुमित्र योजना, राज्य विशेष बुनियादी शिक्षा परियोजनाएँ जैसे बिहार शिक्षा परियोजना, आन्ध्र प्रदेश प्राथमिक शिक्षा परियोजना, राजस्थान में लोक जुम्बिश परियोजना, उत्तर प्रदेश मे सभी के लिये शिक्षा परियोजना जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (DPEP), राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम आदि सम्मलित है ।

प्रत्येक बालक बालिका को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिये सामाजिक न्याय तथा समानता अपने आप में ही एक ठोस तर्क है । यह सर्वमान्य तथ्य है कि बुनियादी शिक्षा का मानव कल्याण विशेषकर जीवन प्रत्याशा, शिशु मृत्युदर, बच्चो का पोषाहार स्तर आदि के स्तर में सुधार करती है । अध्ययनों से ज्ञात होता है Fd सर्वसुलभ बुनियादी शिक्षा आर्थिक विकास में भी उल्लेखनीय भूमिका अदा करती है ।

4.1 सर्व शिक्षा अभियान क्या है ?

- प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीनकरण का समयबद्व कार्यक्रम है ।
- पूरे देश में गुणवत्ता युक्त प्राथमिक शिक्षा
- प्राथमिक शिक्षा के द्वारा सामाजिक न्याय को बढावा देने का एक अवसर

- पंचायतीराज संस्थाओं, शाला प्रबन्धन समितियों ग्राम शिक्षा समितियों, शहरी कच्ची बस्तीयो की शिक्षा समितियों, छात्र अभिभावक परिषद, मातृ अभिभावक परिषद, जनजातिय स्वायत परिषदो तथा अन्य संस्थानों का विद्यालय प्रबन्धन में एक प्रयास
- केन्द्र सरकार राज्य सरकार और स्थानीय संस्थाओं के मध्य सहयोग
- राज्य को प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं का दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर

प्रारंभिक शिक्षा को मिशन के रुप में सर्वसुलभ बनाए जाने पर राष्ट्रीय समिति की 1999 की रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिये जिला प्राथमिक शिक्षा योजनाओ की तैयारी पर बल देकर समग्र एवं संकद्रित दृष्टिकोण से युक्त मिशन के रुप में प्रारंभिक शिक्षा कसे सर्व सुलभ बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जाना चाहिए । इसमें शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने का समर्थन किया और प्ररंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लक्ष्य को मिशन के रुप में प्राप्त करने के लिये कार्यवाही करने की इच्छा व्यक्त की ।

4.2 सर्व शिक्षा अभियान क्यो ?

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है परन्तु फिर भी 6–14 आयु वर्ग के 20 करोड बच्चो में से 5–9 करोड बच्चे स्कूल नहीं जा रहे है । इनमे 3,5 करोड लडकियॉ तथा 2–4 करोड लडके है । ये समस्याए पढाई बीच में छोडने की दर अधिगम उपलब्धि का न्यून स्तर और लडकियों जनजातियो और अन्य वंचित वर्गो की कम सहभागिता से संबंधित है । अभी भी देश में कम से कम एक लाख ऐसी बस्तिया है जहॉ एक किलोमीटर के दायरे मे विद्यालयी सुविधाऍ नहीं है । इसके साथ ही विद्यालयों को अपर्याप्त बुनियादी ढॉचा विद्यालयों की असंतोषप्रद कार्य प्रणाली शिक्षकों की अनुपस्थिति की अधिकता, शिक्षक रिक्तयों की अधिक संख्या शिक्षा का असंतोषप्रद स्तर तथा अपर्याप्त निधियॉ जैसे विभिन्न संबद्ध करण भी है । सार में देश को अभी भी प्रारंभिक शिक्षा सर्वसुलभीकरण (UEE) के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करना है जिसका तात्पर्य है सभी बस्तियों में विद्यालयी सुविधाए प्रदान कर के शतप्रतिशत नामांकन तथा बच्चों का विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना इसी अन्तर को पूरा करने के लिय सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम प्रारम्भ किया है ।

4.3 सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्य

★ सभी बच्चों के लिये 2003 विद्यालयी शिक्षा की गारण्टी केन्द्र, वैकल्पिक विद्यालय ''बैक स्कूल'' शिविर की उपलब्धता।

★ सभी बच्चे वर्ष 2007 तक पॉच वर्ष की विद्यालियी शिक्षा पूर्ण करे ।

★ सभी बच्चे 2010 तक 8 वर्ष की विद्यालयी शिक्षा पूरी कर लें ।

★ गुणवत्ता युक्त प्रारंभिक शिक्षा जिसमें जीवनोपयोगी शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया हो, पर बल देना।

★ जन सहभागिता द्वारा भौतिक एवं अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ किया जाना।

जेण्डर असमानता तथा सामाजिक वर्गभेद को 2007 तक प्राथमिक स्तर तथा वर्ष 2010 तक प्रारंभिक स्तर पर समाप्त करना । वर्ष 2010 तक सभी बच्चों को विद्यालय में ठहराव मे सुनिश्चित करना ।

जिला स्तर पर निर्धारित लक्ष्य

❋ वर्ष 2003 तक जिले के सभी विकास खण्डों के तथा नगरीय क्षेत्रें के 6–14 आयुवर्ग के समस्त बालक–बालिकाओं को निकटवर्ती प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, वैकल्पिक, शिक्षाकर्मी, राजीव गांधी पाठशालाओं में प्रवेश दिलाना।

❋ सामान्य वर्ग के अलावा विशेष वर्ग यथा दलित वर्ग, शारीरिक एवं मानसिक विकलांग, बालश्रमिक, धुमन्तु जातियॉ, गाड़िया लुहारों, कथौड़ी परिवारों के बालकों के लिए शिक्षा की विशेष व्यवस्था करना।

❋ औपचारिक शिक्षा की मुख्यधारा से इन्हें विशेष कारणों से वंचित बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष व्यवस्था करना तथा इन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

❋ शाला से वंचित तथा बीच में ही शाला छोड़ वाली बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाना।

❋ खेल एवं क्रिया आधारित शिक्षण तथा जीवनोपयोगी शिक्षा एवं स्थानीय आवश्यकताओं हेतु संसाधन उपलब्ध कराना।

❋ बालकों को दरी पट्टी तथा विद्यालयों को फर्नीचर एवं अन्य शैक्षिक उपकरण उपलब्ध करवाना।

❋ विद्यालयों में पर्याप्त भौतिक सुविधाएँ यथा – कक्षाकक्ष, शौचालय, पेयजल एवं चार दीवारी का निर्माण कराना।

❋ शिक्षा की उपयोगिता एवं गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु शिक्षकों को बौद्धिक तथा मानसिक संबलन प्रदान करने एवं व्यवसायिक दक्षता के उन्नयन हेतु प्रभावी एवं दक्ष प्रशिक्षण एवं अभिप्रेरण की व्यवस्था करना।

❋ विद्यालयों के प्रबन्धन में जनसहभागिता सुनिश्चित करना।

अध्याय – 5

पहुँच एवं ठहराव

उदयपुर जिले का 89 प्रतिशत भाग पहाड़ी एवं छितरी हुई आबादी वाला है। यहाँ पर शैक्षिक सुविधाएँ संख्यात्मक दृष्टि से तो उचित लगती हैं परन्तु भौगोलिक स्थिति के अनुसार एक–एक वासस्थान के बीच दो–दो पहाड़ियों का अन्तर हैं तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय तो अधिकतर सामान्य दूरी 4–5 किमी. से अधिक हैं। इस कारण से जो बच्चे कक्षा 5 प्रा.वि. से प्राप्त कर लेत हैं, उन्हें उच्च शिक्षा हेतु उचित पहुंच नहीं मिल पाने से दूर–दूर पैदल जाते हैं तथा कई बार नहीं जाते हैं। जिससे नामांकन व ठहराव में विषमता बनी रहती हैं।

उदयपुर जिले में कुल 3527 वासस्थान हैं। जिनमें प्रा.वि. 1671 उ.प्रा.वि. 608 कुल 2279 शिक्षण सुविधाएँ हैं। अतः उदयपुर जिले की सकल पहुँच दर (GAR) निम्नानुसार है –

$$\text{सकल पहुँच दर (प्रा.वि.+उ.प्रा.वि.)} = \frac{\text{विद्यालय सुविधा वाले वासस्थानों की संख्या}}{\text{कुल वासस्थानों की संख्या}} \times 100$$

$$\text{जिला उदयपुर की सकल पहुँच दर} = \frac{2279}{3527} \times 100$$

$$= 64.62$$

इस प्रकार प्रत्येक वासस्थान में प्राथमिक शिक्षा हेतु प्राथमिक विद्यालय खोले जायेंगे तथा जो बच्चे दूरी के कारण प्रा. वि. में नहीं पहुंच पाते हैं, उनके लिए सर्व शिक्षा अभियान में प्रा.वि. को उ.प्रा.वि. क्रमोन्नत किया जायेगा। तथा शिक्षा गारन्टी केन्द्रों को प्राथमिक विद्यालय में बदला जायेगा।

निम्न सारणी के अनुसार बदला जायेगा–

सर्व शिक्षा अभियान 2002–10 के तहत विद्यालय क्रमोन्नयन सारणी, जिला उदयपुर

प्रारम्भ की स्थिति	क्रमोन्नयन	क्रमोन्नयन के बाद की स्थिति

सत्र	प्रा.वि.	उ.प्रा वि	ई.जी एस /रागापा	शिक्षाकर्मी	मुक्तांगन	सहज शिक्षा/ शिक्षा मित्र	प्रा वि से उ प्रा वि	ई.जी एस से प्रा वि	शि क से प्रा वि	मुक्तांगन से प्रा वि	सहज शिक्षा से ई. जी.एस.	प्रा वि	उ.प्रा वि	ई.जी एस	शि क	मुक्तांगन	सहज शिक्षा /शिक्षा मित्र
2002–03	1671	608	1765	393	0	0	48	0	0	0	0	1623	633	1751	398	0	0
2003–04	1623	633	1751	398	0	0	175	102	0	0	0	1698	735	1576	398	0	0
2004–05	1696	735	1576	398	0	0	225	75	0	0	0	1846	810	1401	0	0	0
2005–06	1846	810	1401	0	0	0	523	75	0	0	0	2294	885	1226	0	0	0
2006–07	2294	885	1226	0	0	0	175	174	0	0	0	2294	1060	1051	0	0	0
2007–08	2294	1060	1051	0	0	0	175	58	0	0	0	2411	1118	876	0	0	0
2008–09	2411	1118	876	0	0	0	175	58	0	0	0	2528	1176	701	0	0	0
2009–10	2528	1176	701	0	0	0	175	58	0	0	0	2644	1235	526	0	0	0

ठहराव हेतु रोचक शिक्षण तथा कामकाजी बच्चों के लिए नये शिक्षा गारन्टी केन्द्र भी खोले जायेंगे। बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में पहुंच सही एवं ठहराव युक्त करने के लिए निम्न वर्षो से प्रा.वि. से उ.प्रा.वि. में क्रमोन्नत होंगे।

2002–03 से 2010 तक 981 विद्यालय ई.जी.एस. से प्रा.वि. में बदले जायेंगे। सर्व शिक्षा अभियान में स्थान एवं नामांकनानुसार सत्र 2002–03 से 2010 तक शिक्षा गारन्टी केन्द्रों से प्रा. वि. में 1225 केन्द्र बदले जायेंगे।

शिक्षाकर्मी विद्यालयों से प्रा.वि. –

सर्व शिक्षा अभियान में शिक्षाकर्मी विद्यालय से प्रा.वि. में 2002–03 से 2010 तक 243 विद्यालय क्रमोन्नत होंगे।

ई.जी.एस. से प्रा.वि.–

वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा संचालित दूर–दराज एवं पहाड़ी क्षेत्रें में हैं, उन्हें सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सत्र 2002–03 से 2010 तक में निम्नानुसार ई.जी.एस. विद्यालय प्रा.वि. में बदले जायेंगे:–

Year	E.G.S.	Conversion into P.S.	Enrolment in EGS	Enrolment in PS
2002.03	1751		65646	1400
2003.04	1576	175	54928	1400
2004.05	1401	175	43675	1400
2005.06	1226	175	31858	1400
2006.07	1051	175	19451	1400
2007.08	876	175	6424	1400
2008.09	701	175	.7255	1400
2009.10	526	175	.21618	1400

सहज शिक्षा/शिक्षामित्र/वैकल्पिक विद्यालयों की शिक्षा गारन्टी केन्द्रों मे क्रमोन्नयन –

दूर–दराज क्षेत्रें में जो लोक जुम्बिश के सहज शिक्षा केन्द्र/शिक्षामित्र केन्द्रों को सर्व शिक्षा अभियान में केन्द्रों को शिक्षा गारन्टी केन्द्रों में क्रमोन्नत किया जायेगा। क्रमोन्नयन में लोक जुम्बिश परियोजनान्तर्गत संचालित मुक्तांगन, सहज शिक्षा केन्द्रों, शिक्षा मित्र केन्द्रों में सम्मिलित किया गया है।

अध्याय – 6

गुणवत्ता शिक्षा

भूमिका :–

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को जहॉ एक ओर राज्य सरकार तथा विभिन्न परियोजनाऍ अपने–अपने प्रयास से नामांकन के लक्ष्य को प्राप्ति की ओर ले जा रही है। हम मात्र यह देख रहे है कि कितने बच्चे शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने हैं, उसकी रणनीति राज्य से लेकर संकुल स्तर पर तय करते आ रहे हैं व उसका क्रियान्वयन विभिन्न स्त्रेतों व निकायों से पूर्ण करवा रहे हैं।

एक तरफ जो बच्चे हमने दो माह पूर्व शिक्षा से जुड़वाऍ थे, उनमें से 14–20 प्रतिशत तक प्रतिमाह अनियमित व पलायन (विद्यालय छोड़ गए) कर रहे हैं। दूसरी तरफ हम फिर उन्हें नामांकित कराने की योजना बनाते है या कुछ चिरपरिचित कारणों का हवाला देकर उन्हें हार्ड कोर ग्रुप बालक नाम देकर उसकी फाईल बन्द करना चाहते हैं। हम कब तक बाड़े रूपी विद्यालय में भरना – छोड़ना तथा फिर भरना चालू रखेंगे।

हमें यह भी सोचने की जरूरत है कि जो बच्चे हमारे प्रयासों से शिक्षा से जुड़े हैं, उन्हें क्या मिल रहा है ? उनके स्तर के अनुसार मिल रहा है ? उनकी रूचि के अनुसार मिल रहा है? आदि। यदि प्रश्नों का उत्तर संतोषप्रद नहीं है तो हमें संभवतया निम्न पहलुओं पर ध्यान देना होगा :–

- हम क्या सिखाना चाहते हैं व क्यों ?
- जो सीखा वह जीवन में उपयोग आयेगा या केवल विद्वता दर्शाने वाला है।
- सिखाये गए पाठ्यक्रम को किस स्तर के बच्चों ने कितना ग्रहण किया।
- बच्चे को सीखने में रूचि पैदा होती है या उसे एक बोझिल व्यवस्था अनुभव होती है।
- बच्चे स्वयं सीखने का अवसर पाते हैं या केवल निर्देशन आधारित।
- शाब्दिक शिक्षा मिल रही है या करके सीखने वाली अर्थात् व्यावहारिक।

उपरोक्त पहलुओं को देखने एवं अनुभव करने से यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि हमें नामांकन के सार्वजनीकरण के साथ–साथ गुणत्तापूर्ण शिक्षा के सार्वजनीकरण की आवश्यकता सर्वप्रथम करनी होगी।

उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु लोक जुम्बिश परियोजना वर्ष 1993 से उदयपुर में क्रमशः संकुलवार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संपादित कराती आ रही है।

(क) पाठ्यक्रम :— प्रारम्भ में लोक जुम्बिश द्वारा दक्षता आधारित पाठ्यक्रम संचालित किया था। परन्तु सत्र 2000—01 से यह किन्हीं कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अतः अब इसे पुनः सर्व शिक्षा अभियान में चालू किया जाना आवश्यक है।

हम इस प्रकार का पाठ्यक्रम बनाएँगे जो पाठ आधारित न होकर बच्चों में क्षमता/दक्षता का विकास करता हो। बच्चों की आयु एवं बुद्धि ग्राह्यता के अनुसार व व्यावहारिक हो।

इसके लिए पूर्व के वर्षों में दक्षता आधारित पुस्तकों के विशेषज्ञों से पुस्तकें तैयार करानी होगी।

(ख) निःशुल्क पाठ्य—पुस्तकें :— वर्तमान में केवल बालिकाओं हेतु ही कक्षा 1 से 8 तक की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाते आ रहें है। परन्तु गरीब व पिछड़े वर्ग को भी यह आवश्यकता होगी।

अतः उच्च प्राथमिक स्तर तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों के बच्चों को पाठ्य—पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। जिससे प्रत्येक वर्ग आर्थिक कमजोरी के कारण शिक्षा से अछूता नही रहेगा।

(ग) शिक्षक प्रशिक्षण :— वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा अभिमुखीकरण व विषय वस्तु आधारित प्रशिक्षण आयोजित हो रहे है। इसी क्रम में सर्व शिक्षा अभियान में भी गुणात्मक शिक्षा एवं रोचक शिक्षा हेतु अध्यापकों को बाल मनोविज्ञान तथ वर्तमान आवश्यकताओं के समन्वय हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से आपसी अनुभव एवं नवाचारों को सीखने—सिखाने का अवसर प्राप्त होगा।

(घ) नियमित अध्यापकों का शिक्षक प्रशिक्षण

चूंकि उदयपुर जिले में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा प्रेरण/अभिमुखीकरण प्रशिक्षण पूर्ण करवा लिए हैं। अतः इनको विषयवस्तु आधारित प्रशिक्षण प्रतिवर्ष 6 दिन व 2 दो दिन अभिनव प्रशिक्षण करवाना उचित रहेगा। जिससे उनके आपसी अनुभव एवं कठिनाईयों के निवारण सामूहिक रूप से सार्वजनिक किए जा सकेंगे एवं एकरूपता रहेगी।

(ii) पेरा टीचर प्रशिक्षण

वर्तमान में छोटी कक्षाओं में बच्चों को पढाने हेतु पेरा टीचर लगाने की व्यवस्था है। उन्है भी प्रतिवर्ष प्रशिक्षण के द्वारा उपयुक्त विधाएं सिखाई जाती है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी नामांकन वृद्धि के आधार पर विद्यालयों में पेरा टीचर्स की नियुक्ति की जावेंगी, जो नीचे की कक्षाओं को पढ़ाएँगे। सर्व शिक्षा अभियान में राजीव गाँधी पाठशाला, शिक्षाकर्मी स्कूल, मुक्तांगन एवं वैकल्पिक विद्यालयों को प्राथमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत किया जावेगा।

इन पेरा टीचर्स को रोचक शिक्षण विधाओं एवं शैक्षिक नवाचारों की जानकारी व एक–दूसरे के अनुभवों को सार्वजनिक कराने के लिए प्रथम प्रशिक्षण 30 दिवसीय एवं उसके बाद 15 दिवसीय विषयाधारित प्रशिक्षण तथा प्रतिवर्ष 10 दिवसीय अभिनवन प्रशिक्षण कराया जावेगा। जिससे उनमें गुणात्मक शिक्षा (दक्षता आधारित) को ही सार्वजनीनकरण करने की विधाएँ नव सृजित होंगी।

(घ) **शिक्षण अधिगम सामग्री (T.L.M.)** :– वर्तमान में इस हेतु प्रतिवर्ष प्रति प्राथमिक विद्यालय को 500/– रूपयें तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय को 1000/– रूपयें दिये जाते है। इसी कड़ी में सर्व शिक्षा अभियान में भी शिक्षक प्रशिक्षण में सीखी शिक्षण विधा एवं शिक्षण अधिगम सामग्री का कक्षा–कक्ष शिक्षण में उपयोग करने के लिए "सर्व शिक्षा अभियान" में प्रति अध्यापक पॉच सौ रूपये प्रतिवर्ष देय होंगे। जिनका तीन चौथाई पैसा विद्यालय में ही बच्चों के साथ बैठकर सामग्री निर्माण में उपयोग किया जावेगा तथा एक चौथाई बाजार से निर्मित सामग्री क्रय की जा सकेगी।

इस प्रकार की सामग्री से बच्चों में "करके सीखने" की प्रवृति, पक्की शिक्षा, आनन्ददायी शिक्षा, व्यवहारिक व स्थायी शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ेगी।

(ड.) स्व–अधिगम/आपसी अधिगमः– पूर्व में तो न्यूअस् कार्यक्रम में इस प्रकार की व्यवस्था थी। वह अब भी कुछ स्तर पर तो यथा स्थिति में चल रही है। परन्तु कुछ में गौण होती जा रही है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी इसे मूर्त रूप में क्रियान्वित कराऐगे। क्यों कि अध्यापक द्वारा सिखाई गई विषयवस्तु को बालक शत–प्रतिशत नहीं सीख पाता है, चूंकि एक तो अध्यापक के शब्द एवं वाक्य उनके स्तर से ऊपर होते हैं। दूसरे बच्चे अध्यापक से दुबारा पूछने में संकोच एवं झिझक अनुभव करते हैं। जिससे बच्चों को एकरूपता से स्वयं के शब्द/ वाक्य

आधारित शिक्षा नहीं मिल पाती है। वह अध्यापक के शब्दों को या पुस्तक के शब्दों एवं वाक्यों को हू.ब.हू रटकर प्रस्तुत करता है। जिससे सृजनात्मक ज्ञान न होकर पूर्व धारणा आधारित ज्ञान प्राप्त होता है।

इसके लिए हमें ''सर्व शिक्षा अभियान'' में अध्यापक द्वारा शिक्षण कराने के पश्चात् बच्चों को आपस में बातचीत/चर्चा/गतिविधि द्वारा समझने का अवसर दिया जावेगा। अर्थात् प्रत्येक कक्षा में एक कालांश के पश्चात् 15–20 मिनिट हेतु चर्चा का समय दिया जावेगा। इस गतिविधि से बच्चों में अपनी समस्या समाधान हेतु अपने समूह से हल करवाने की क्षमता का विकास होगा।

(च) **पुस्तकालय पुस्तकें** :– पूर्व में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा पुस्तकालय पुस्तकें व गीजु भाई के साहित्य दिये गये है। परन्तु अब नहीं दिये जा रहे हैं। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी बच्चों में नैतिक मूल्यों एवं विभिन्न प्रकार की जानकारियों के लिए विद्यालयों में पुस्तकालय की पुस्तकें रखी जावेंगी जो बच्चों को पढ़ने हेतु इश्यू की जा सकेंगी। इसके लिए विद्यालयों को 2000 रूपये प्रतिवर्ष अनुदान हेतु दिए जाएँगे। पुस्तकें संस्था प्रधान द्वारा शाला प्रबन्धन समिति से विचार–विमर्श कर सकारात्मक व रोचक साहित्य/पुस्तकें लाई जावेंगी।

(छ) विद्यालय अवलोकन/सम्बलनः– वर्तमान में संकुल स्त्रोत दल/ खण्ड स्त्रेत दल व परियोजना कार्मिकों द्वारा समय–समय पर विद्यालय अवलोकन किया जाता है। व शैक्षिक सहयोग दिया जाता है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी विद्यालय में शैक्षिक कठिनाईयों एवं अन्य कठिनाईयों को अवलोकन करके पता लगायेंगे तथा उसका समाधान जहाँ तक हो सके वहीं किया जाएगा अन्यथा अगले अवलोकन से पूर्व विशेषज्ञ/रिसोर्स टीम द्वारा किया जाएगा। ताकि विद्यालयों में आने वाली समस्याओं को लम्बे समय तक नहीं रहने देंगे जिससे गुणवत्ता बाधित नहीं होगी।

यह अवलोकन संकुल रिसोर्स समिति द्वारा किया जाएगा, जो संकुल के अनुभवी एवं रिसोर्स दल के 10–12 अध्यापकों द्वारा होगा। इस दल द्वारा प्रति दो माह में एक बार अवलोकन एवं समीक्षा बैठक रखी जाएगी। नवाचारों एवं अनुभवों को आपस में बाँटा जाएगा। खण्ड स्तर पर भी इस प्रकार की टीम रोचक शिक्षण हेतु रूपरेखा व सुझाव समय–समय पर देगी।

(ज) शिक्षक बालक अनुपातः— पूर्व में 35:1 के अनुसार खण्ड स्तरीय प्रबन्धन समिति द्वारा अनुमोदित कराने के पश्चात अतिरिक्त अध्यापक लगाऐ गये। परन्तु यह अनुपात पुनः प्रभावित हो गया है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु यह भी आवश्यक है कि एक शिक्षक की पहुंच समग्र रूप से कितने बच्चों तक रहे। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एक नियमित अध्यापक तथा चार पेराटीचर नियुक्त होंगे। साथ ही नामांकनानुसार प्रति 40 बच्चों पर एक अध्यापक अतिरिक्त लगाया जायेगा।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में सभी नियमित अध्यापक लगेंगे। चूंकि उच्च शिक्षा प्राप्त अध्यापक ही विषय विशेष का ज्ञान करा सकेंगे।

(झ) सतत् मूल्यांकनः— पूर्व में यह दक्षता आधारित होता था। परन्तु वर्तमान में यह पाठ आधारित होता है। अतः पुनः इसे दक्षता एवं सततता आधारित ही मूल्याकंन सर्व शिक्षा अभियान में रखेगे। बच्चों को बिना भय के ही परखना उचित मूल्यांकन होगा। अतः अध्यापक दक्षताअनुसार प्रत्येक बालक का औपचारिक मूल्यांकन प्रति माह/पन्द्रह दिन में करेगा तथा अनौपचारिक रूप से कक्षा तथा बाहर व्यवहार से अंकित करेगा। निदान के पश्चात् तुरन्त उसका उपचार भी करेंगे।

(ञ) विद्यालय अनुदान राशिः— वर्तमान में प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों को 10,000/—रूपयें तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय को 14,000/—रूपयें की सामग्री एक बार ही दी जाती है। जो सभी जगह उपलब्ध नही कराई जा सकी है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में विद्यालय में आवश्यक सुदृढ़ीकरण सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए प्रत्येक राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय को प्रति वर्ष 2000 रूपये अनुदान दिया जावेगा। प्रधानाध्यापक शाला शिक्षा प्रबन्धन समिति के सहयोग से प्राथमिकता के अनुसार शाला सुदृढ़ीकरण पर इसे खर्च कर शाला शिक्षा प्रबन्धन समिति बैठक में प्रस्तुत करेंगे। जैसे — दरी—पट्टी (बच्चों के लिए) पेयजल टंकी, ध्वज पोल आदि।

(त) अतिरिक्त शिक्षण कार्यक्रम आयोजनः— वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना में यह कार्यक्रम केवल सहज शिक्षा केन्द्रों के बच्चों का ही करवाया जाता है। जो अच्छे परिणाम दायक रहा है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी सभी स्तर पर रखा जाएगा। चूंकि उदयपुर जिले में अधिकतर अनुसूचित जनजाति के बालक—बालिका अधिक है। इनकी स्थिति एवं परिस्थिति ऐसी हैं कि वो नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ पाते हैं। जिससे उन बच्चों का स्तर सामान्य बच्चों से कम रह जाता है।अतः इस प्रकार के बच्चों को सामान्य शैक्षणिक स्तर

तक लाने के लिए विशेष शिक्षण कार्य अतिरिक्त शिक्षण शिविर/अतिरिक्त कक्षा शिक्षण लगाकर पूर्ण करवाऐंगे। जिससे उनमें गुणवत्ता का स्तर बराबर रहे। इन कक्षाओं हेतु अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद वास्तविक स्तर का पता करके उपरोक्त शिक्षण कार्य तीन माह तक कराया जाएगा। इस हेतु अध्यापक को 3000/– रूपये प्रतिमाह (तीन माह तक) अतिरिक्त मानदेय प्रदान करेंगे।

(थ) बाल केन्द्रित शिक्षण :– वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना के सहज शिक्षा केन्द्रों तथा सभी विद्यालयों में इस प्रकार की व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण तथा रोचक विधाओं को प्रयुक्त किया जाता है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी बालकों की शिक्षा उनकी रूचि एवं मनोरंजन वातावरण में दी जायेगी। इसके लिए अधिकतर शैक्षणिक कार्य फील्ड़ में ले जाकर (कक्षा कक्ष से बाहर) समझाया जाएगा। साथ–साथ स्थानीय गीतों, खेलों में विषयवस्तु को पिरोकर प्रस्तुत करेंगे।

बालकों के सीखने के स्तर को समय–समय पर जानने एवं समीक्षा/समस्या समाधान हेतु प्रतिमाह विषयवार एवं प्रति दो माह में समग्र अध्यापक बैठकों का आयोजन किया जावेगा।

5.3.1

उदयपुर जिले में विशिष्ट फोकस ग्रुप के रूप में मजदूर वर्ग, घुमन्तु परिवार, कथौड़ी परिवार, मानसून पर निर्भर परिवार, मौसमी पलायन वर्ग, गाडौलिया लौहार, शहरी कच्ची बस्तियों के परिवार, खानाबदोश परिवार, खनन मजदूर आदि अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के रूप में दृष्टिगोचर है। इन अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के बच्चे आज भी औपचारिक शिक्षा से वंचित हैं। जिन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़कर ही शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। विशिष्ट फोकस ग्रुप के बच्चों को जोड़ने हेतु विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जाकर इनके लिए शिक्षा आपके द्वार अभियान के द्वारा औपचारिक शिक्षा एवं सहज शिक्षा, शिक्षा मित्र, मुक्तांगन, बालिका शिक्षण शिविर, चल विद्यालय की व्यवस्था लोक जुम्बिश परियोजना के द्वारा वैकल्पिक विद्यालय खोले जा रहे हैं। जिससे यह वर्ग पूर्ण लाभान्वित हो सके और शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। "शिक्षा आपके द्वार" में वैकल्पिक विद्यालयों को खोलते समय इन समूह की बस्तियों को विशेष प्राथमिकता देकर आगे भी विशेष रूप से प्रयास किया जाना हैं।

आज भी मौसमी पलायन वर्ग, मानसून पर निर्भर परिवार, गाडौलिया लुहार, कथौड़ी परिवार इन समूहों की बस्तियों पर विशेष नजर रख शिक्षा की मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

5.3.2 जेण्ड़र संवेदनशीलता

जेण्ड़र संवेदनशीलता समाज की महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच, महिला व पुरूषों की समानता, लिंगानुपात, महिला पुरूषों में सत्ता की भावना, महिला व पुरूषों में कार्य के विभाजन उनके अधिकार एवं कर्त्तव्य के प्रति जागरूकता, लिंग भेद के बारें में, समाज में महिला व पुरूषों के बेहतर रिश्तों के बारें में एवं बालक–बालिकाओं के बारे में बात करता है। जेण्ड़र संवेदनशीलता के बारें में वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा गांव–गांव ढाणी–ढाणी, मजरे–मजरे में महिला समूह, प्रेरक दल आदि में महिलाओं की भागीदरारी, ग्राम शिक्षा समिति, महिला समागम मेला, अध्यापिका मंच, किशोरी मंच, स्कूली बालिकाओं की कार्यशाला आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिसके फलस्वरूप महिलाओं में जेण्ड़र समता के प्रति संवेदनशीलता का विकास हुआ है, किन्तु इन गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए "सर्व शिक्षा अभियान" में जेण्ड़र संवेदनशीलता के बारें में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिससे इनको मानसिक रूप से तैयार करें, जिज्ञासा वृद्धि करें, अवसर प्रदान

अध्याय – 7

विशिष्ट फोकस ग्रुप



5.3 भूमिका

उदयपुर जिला राजस्थान के दक्षिणी भाग में अरावली अंचल में स्थित है। इसका स्वरूप अण्डाकार है। जिसकी उत्तर दिशा में एक बहुत बड़ी पट्टी है। यह पूर्वी डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा पूर्व में भीलवाड़ा तथा चित्तौड़ पश्चिम में पाली तथा सिरोही सीमाओं से घिरा है। उदयपुर के दक्षिण पश्चिम में अरावली पहाड़ियों के बीच स्थित गांवों में डैया, अम्बासा, कोटड़ा में आज भी गुजरात सीमा से सटे पूर्ण रूप से जनजाति क्षेत्र है।

जिले में ग्रामीण क्षेत्र में 6–14 वर्ष की आयु के बालक–बालिकाओं की कुल संख्या 57339 में से सर्वाधिक 50718 बालक–बालिकाएँ अनुसूचित जाति, जनजाति के हैं, जो कुल वंचितों का 88.45 प्रतिशत है। जिनमें जनजाति बालिकाओं की सर्वाधिक संख्या 33123 हैं।

जिले के पांच शहरी क्षेत्रें में 6 से 14 आयुवर्ग की बालक–बालिकाएँ 1449 है। जिनमें सर्वाधिक अनुसूचित जाति हैं।

जिले की साक्षरता दर 59.26 प्रतिशत है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की साक्षरता दर 52.52 प्रतिशत है एवं शहरी क्षेत्र की 86.19 प्रतिशत है। दोनों क्षेत्रें में साक्षरता दर न्यून है।

करने में मदद करें, आपसी अनुभवों का आदान–प्रदान करें। ऐसी गतिविधियों का सफल आयोजन सर्व शिक्षा अभियान में किया जाये जिससे समानलिंगानुपात रखा जा सकें। सर्वशिक्षा अभियान में इन परिस्थितियों को विशेष रूप से उभारा गया हैं।

5.3.3 बालिका शिक्षण शिविर

सर्वे में चिन्हित 8 से 14 आयुवर्ग के बालक/बालिकाएँ जो कभी विद्यालय जा नहीं पाये हैं अथवा कक्षा 1 से 3 के मध्य ही अध्ययन करते हुए विद्यालय छोड़ चुके हैं, को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बालिका शिक्षण शिविर हैं।

बालिका शिक्षण शिविर के माध्यम से 3 माह से लेकर 7 माह की अवधि के लिए बालक–बालिकाओं को आवासीय शिविरों में रखकर अधिगम मंजूषा को पूर्ण करवाया जाता है। चूंकि बालिका शिक्षण शिविर में अध्ययन करने वाले बालक–बालिकाएँ उम्र में बड़े होते हैं, अतः इनके सीखने की गति पर्याप्त रहती है, जो कम अवधि में शिक्षण–अधिगम के निर्धारित मानदण्ड़ को पूरा कर लेते हैं।

लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा बालिका शिक्षण शिविर के लिए विशेष रूप से 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षणों में माध्यम से प्रशिक्षित पेराटीचर इन्हें हर संभव संबलन देते हैं तथा उपयुक्त परिस्थितियां उपलब्ध करावकर तीव्र प्रगति में बढ़ने को प्रेरित करते है। इस प्रकार 3 माह तथा 7 माह के प्रशिक्षण शिविरों में बालिकाओं को क्रमानुसार साप्ताहिक, मासिक टेस्टों के आधार पर प्रति माह में मूल्यांकन कर प्रगति की जानकारी हासिल करते हैं।

बालिका शिक्षण शिविर में सर्वे के अतिरिक्त भी शेष बालक–बालिकाओं को सम्मिलित किया जा सकता हैं एवं निश्चित परिणाम प्राप्त होने पर उचित स्तर की औपचारिक परीक्षा दिलवाई जाकर वह औपचारिक विद्यालयों की कक्षाओं में प्रवेश दिलाया जाता है तथा जिन तहसीलों में आवासीय हॉस्टल हैं, उनमें इन बालिकाओं को प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जाता है।

इस प्रकार लोक जुम्बिश परियोजना, उदयपुर द्वारा कुल 11 विकास खण्ड़ों में 16 बालिका शिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया जा रहा हैं। जिनमें धरियावद में 1, कोटड़ा में 1, गोगुन्दा में 1, सलूम्बर में 1, भीण्डर में 1, खेरवाड़ा में 1 सराड़ा में 1 कुल– 7 शिविर पूर्ण हो चुके हैं। तथा शेष 10 शिविर सफलतापूर्वक संचालित हैं। जिनमें बालिकाओं का कुल नामांकन 1384 तथा पेराटीचर्स–65 कार्यरत हैं। समाज द्वारा लोक जुम्बिश द्वारा चलाये जा रहे

इन बालिका शिक्षण शिविर की गुणवत्ता क्रियान्वयन की शैली एवं सफल संचालन की समग्र प्रशंसा की जा रही है। सर्वशिक्षा अभियान में बालिकाओं की शिक्षा जिसमें जनजाति व अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों की शिक्षा आदि में विशेष स्थान दिया गया है।

5.3.4 निःशक्त बालक–बालिकाओं के लिए समेकित शिक्षा

विकलांगता एक महत्वपूर्ण घटक है। "सर्व शिक्षा अभियान" के लक्ष्य प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण को पाने के लिए यह आवश्यक है कि उन बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ा जाये जिनमें किसी भी प्रकार की विकलांगता है।

सबसे ज्यादा भ्रम यह है कि जो विकलांग है वे परिवार व समाज के लिए बोझ हैं। अन्धविश्वास और विकलांगों के प्रति गैर विकलांग लोगों की भावनात्मक संबंधों की कमी के कारण, समुदाय और परिवार के भीतर जागरूकता और स्वीकार्यता की कमी है।

समाज में विकलांग बच्चों की स्थिति काफी शोचनीय है। आमतौर पर इन बच्चों की जरूरतों और क्षमताओं को सही तरह से समझा नहीं जाता और वे उपेक्षित होकर शिक्षा से वंचित रह जाते है। कुछ विकलांग बच्चे औपचारिक शिक्षा से जुड़े भी हैं, मगर उन पर उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वर्तमान में उदयपुर जिले में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा निशक्तजनों के प्रति संवेदनशीलता के क्रम में समस्त कार्मिकों को प्रशिक्षण तथा समस्त ब्लॉकों में अध्यापक, अभिभावक एवं निशक्त बालक–बालिकाओं की कार्यशाला के माध्यम से समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच का वातावरण निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है, इसके अन्तर्गत आवासीय व गैर–आवासीय एवं बालमेले व शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निशक्तजनों के प्रति संवेदनशीलता एवं समाज में सकारात्मक सोच तथा निशक्तजनों में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कार्ययोजना स्वीकार की गई है :–

* सर्वे करना।
* निशक्त बच्चों की पहचान करना।
* विकलांगता के प्रकार की पता करना।
* सहायता एव उपकरण उपलब्ध करवाना।

★ रचनात्मक विभेद दूर करना।

उक्त बिन्दुओं के आधार पर निशक्त बच्चों की पहचान की जाकर उनके बच्चों को औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा से जोड़ना ही सर्व शिक्षा अभियान का दृष्टिकोण है। इस अभियान में रचनात्मक विभेद दूर करने और उन्हें एड एण्ड एप्लाईन्सेज उपलब्ध कराना सम्मिलित है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रतिवर्ष निशक्त बालक–बालिका को 1200 रूपये प्रतिवर्ष सहायता प्रावधान रखा गया है। इसके अन्तर्गत जिला स्तर पर एक कार्ययोजना बनाई जाकर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

5.3.5 व्यवसायिक कक्षाओं का आयोजन

विशिष्ट फोकस ग्रुप के अन्तर्गत रूप में मजदूर व घूमन्तु परिवार, कथौड़ी परिवार, मानसून पर निर्भर परिवार, मौसमी पलायन वर्ग, गाड़ौलिया लुहार, कच्ची बस्तियों के परिवार एवं खनन मजदूर वर्ग के बालक बालिकाएँ जो शिक्षा की मुख्यधारा में नहीं जुड़ पाते हैं तथा उदयपुर जिला जनजाति क्षेत्र होने से तथा यहाँ के निवासी बिखरी हुई बस्तियों में रहने के कारण आज भी ये वर्ग शिक्षा की मुख्यधारा से पूर्णतः जुड़ नहीं पाये हैं। लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा किशोरी बालिका कार्यशाला के माध्यम से इन्हें सिलाई करना, बुनाई करना, मेहन्दी, चार्ट एवं पोस्टर बनाना, स्थानीय परिवेश में उपलब्ध संसाधनों द्वारा बच्चों के खिलौनों आदि की जानकारी दी जा रही है।

सर्व शिक्षा अभियान में व्यवसायिक कक्षाओं का आयोजन कर इन बालक बालिकाओं को समाज की मुख्य धारा में जुड़ने तथा शिक्षा के प्रति इनकी ललक पैदा करने के लिए व्यवसायिक कक्षाओं का आयोजन किया जावेगा।

5.3.6 घुमन्तु परिवार एवं मानसून पलायन वर्ग, खानाबदोश

उदयपुर जिले में घूमन्तु परिवार जैसे– बनजारा, कालबेलिया, कंजर तथा खानाबदोश के रूप में गाड़ौलिया लोहार निवास करते हैं। इनमें भी उदयपुर जिला गुजरात राज्य से जुड़ा होने की वजह से तथा मानसूनी वर्षा पर निर्भर रहने वाले लोग गत कई वर्षो से अकाल की चपेट में होने के कारण मौसमी पलायन कर जाते हैं।

लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा वर्तमान में ऐसे परिवारों के बालक–बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के प्रयास के रूप में अल्पकालीन हॉस्टल संचालित किये जा रहे हैं। ताकि जो परिवार रोजगार की तलाश में निश्चित अवधि तक बाहर जाते हैं और पुनः आते हैं,

ऐसे परिवार के बालक एवं बालिकाओं को इस अवधि के दौरान शिक्षा की मुख्यधारा से ये बालक जुडे रहे, से वे ही बालक हैं जिन्हें हार्डकोर के बच्चों के रूप में जाना जाता है। इनके सफल आयोजन से इन परिवारों के लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है। उदयपुर जिले में कोटड़ा, झाड़ोल, गोगुन्दा, खेरवाड़ा, गिर्वा एवं बड़गाँव आदि पंचायत समितियों में ऐसे परिवार अपेक्षाकृत अधिक है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ऐसे परिवारों के बालक–बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था हेतु 3000 रुपये प्रति बालक/बालिका का प्रावधान रखा गया है। परन्तु इसमें अधिकतम् 100 बालक/बालिकाओं को प्रतिवर्ष लाभान्वित किया जायेगा।

5.3.7 कामकाजी बच्चों के लिए शिक्षा

उदयपुर जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अपेक्षाकृत अधिक लोग निवास करते हैं तथा यह क्षेत्र अरावली की पहाडियों में स्थित है। भौगोलिक स्थिति के रूप में ऊँची पहाड़ियाँ एवं नीची घाटियाँ हैं। इन जनजातियों के लोग बिखरी हुई बस्तियों के रूप में निवास करना ज्यादा पसन्द करते हैं तथा ऐसे स्थानों के बच्चे प्रायः मजदूरी, मवेशी चराने, बकरियाँ चराने पर जाते हैं। ये बच्चे कामकाजी बच्चे जो शिक्षा से परे हैं, वर्तमान में ऐसे बच्चों के लिए लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा सहज शिक्षा केन्द्र, शिक्षा मित्र केन्द्र खोलकर इनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उदयपुर जिले में शहरी क्षेत्र में कच्ची बस्तियों में ऐसे बालक–बालिका निवास करते हैं जो कचरा बिनना, भीख मांगना, डेरों में रहने वाले परिवारों के बालक–बालिका, झुग्गी–झोपड़ियों में निवास करने वाले बालक–बालिका हैं, जिनको लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा चल विद्यालय संचालित कर शिक्षा की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान में ऐसे कामकाजी बालक–बालिकाओं को अनौपचारिक शिक्षा में जोडे जाने स्वरूप 845 रूपये प्रति बालक–बालिका प्रति वर्ष शिक्षण पर खर्च किये जाने का प्रावधान है, जिनको "शिक्षा गारन्टी योजना" के रूप में जाना जायेगा।

तहसील कोटड़ा की स्थिति

"एक नजर में"

पंचायत समिति का कुल क्षेत्रफल – 1191.51 वर्ग किमी.

	पुरूष	स्त्री	योग
जनसंख्या, 2001 का विवरण			

कुल परिवार – 35000
जनसंख्या घनत्व – 154 प्रति वर्ग किमी.
जनसंख्या में स्त्री–पुरूष का अनुपात, 2001 के अनुसार, पुरूष – 980 महिलाएँ – 980 समान है।
राजस्व ग्राम की संख्या – 304
ग्राम पंचायतों की संख्या – 36
पटवार मण्डल सख्या – 29
भू–अभिलेख वृत्त – 4
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी
अ – सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – 1 कोटड़ा
ब – प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र – 6, मामेर, माण्डवा, बिकरणी, बेकरिया, मालवाचौरा, पड़ावली कला
स – उच्चीकृत स्वास्थ्य केन्द्र – 2, महाड़ी व जोगीगढ़
द – उपस्वास्थ्य केन्द्र – 43

प्राथमिक स्वास्थ्य सेक्टरवाइज़ उप स्वास्थ्य केन्द्रों की सूची

1. कोटड़ा– गांधी सरणा, पाथरपाड़ी, गऊपीपला, बड़ली, बिलवन, जोगीवड़, जुड़ा
2. मामेर – लूक, राड़ा, माण्डवारा, मेड़ी, महाद, महाड़ी, सावनक्यार, बोड़ीकला
3. बिकरणी– सुलाव, कागवारा, कोलिया, नयावास, पेराकतेरा, थेप
4. माण्डवा – आंजनी, जेड, सामोली, कूकावारा
5. बेकरिया – क्यारी, लहरचा, तेजावास, देवला, मेरपुर, टेपू, गोगरूद्व
6. मालवा का चौरा – उखलियात, मेवाडों का मठ, बेरण, डांग
7. पड़ावली – पड़ावली खुर्द, वास, समीजा, मण्डेड़ा, अम्बावा

आयुवेर्दिक चिकित्सालय – 10 निम्न गांवों में है –
कोटड़ा, नयावास, माण्डवा, सामेरी, देवलाचौरा, मालवाचौरा, पड़ावली कला, वास, गुरा, जोगीवाड़।

साख संस्थाएं :–

अ– पंजाब नेशनल बैंक–2, कोटड़ा, मालवाकाचौरा
ब– दी बैंक ऑफ राजस्थान नि. मामेर
स– मेवाड़ ग्रामीण आंचलिक बैंक – 1 कोटड़ा
द लैम्पस् 8, कोटड़ा, बड़ली, मामेर, माण्डवा, बिकरणी, देवला, क्यारी, वास

पुलिस थाना – 3
कोटड़ा, माण्डवा, बेकरिया

पुलिस चौकी – 4
बिकरणी, मामेर, मालवा का चोरा, जुड़ा

कोटड़ा उदयपुर जिले का जनजाति बाहुल्य विकास खण्ड है, जो जिले के पश्चिमी छोर पर जिला मुख्यालय से 125 किमी. दूरी पर स्थित है। सिरोही जिला इसके पश्चिम में स्थित है तथा दक्षिण गुजरात राज्य के साबरकाटा जिले की सीमाओं से लगा हुआ है। विकास खण्ड दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र फेला हुआ है। यहाँ अरावली की पहाड़िया एवं घने जंगल फेले हुए है। क्षेत्र में मुख्यतः बावरिया, भील, खैर, गरासिया, गमार, गमेती, कथौड़ी जनजाति बहुतायत निवास करती है। जिनका आर्थिक स्तर ठीक नही है। क्षेत्र वाकल सहित, साबरमती नदियॉ मुख्यतः बहती है। अधिकतर गांव जंगलों एवं पहाड़ियों के बीच बसे होने के कारण तथा गांवों तक कोई साधन सुविधा उपलब्ध नही होने के कारण इस क्षेत्र के दूर–दराज के अधिकतर लोग 10–12 किमी. पैदल चलकर यातायात से जुड़ते है। यह क्षेत्र शिक्षा, औद्योगिक विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। पूर्व में विकास खण्ड में मुलभूत सुविधाऍ उपलब्ध नही होने के कारण इसे "राजस्थान के काले-पानी" के नाम से जाना जाता था। शनैः शनैः अब यह विकास की दिशा में अग्रसर हो रहा है। क्षेत्र में अभी भी चिकित्सा, यातायात, दूर–संचार, विद्युत आदि की पर्याप्त सुविधाऍ उपलब्ध नही है। क्षेत्र के विकास में शिक्षा की कमी बहुत बड़ा गतिरोध है। विद्यालयों में बच्चों के ठहराव की कमी है। बहुत से स्थानों पर विद्यालय भवनों की कमी हैं। अधिकांश जगहों में भवनों की जर्जर स्थिति है। साथ ही अध्यापकों का विद्यालयों में नियमित न जाना एवं पदों की रिक्तता लम्बे समय तक बने रहने से शैक्षिक कार्य प्रभावित हो रहा है। जिले में चल रहे "शिक्षा आपके द्वार" कार्यक्रम के कारण यहाँ शिक्षा की ज्योति गांव–गांव ढाणी–ढाणी पहुंच रही है।

राजस्थान राज्य के उदयपुर जिले की आदिवासी बाहुल्य तहसील कोटड़ा में 86 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते है। इस आदिवासी क्षेत्र को राजस्थान राज्य का सबसे पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता है। भौगोलिक दृष्टि से देखा जाये तो यह विकास खण्ड 125 किमी. की परिधि में फेला हुआ है तथा राजस्थान राज्य की कोटड़ा तहसील में पूर्व से महिला की साक्षरता दर सबसे न्यूनतम् है।

सामाजिक एव सास्कृतिक परिदृश्य :

राजस्थान की सर्वाधिक पिछड़ी एवं जनजाति तहसील में अलग–अलग परम्पराएँ, रीति–रिवाज एवं कुरीतियों का यहा पर प्रचलन हैं। यहा का जन–जीवन कई दृष्टियों से भिन्नता लिए हुए है, जहा लड़कियों के पैदा होने पर खुशी का इजहार किया जाता है। गांवों को यहा फले के नाम से जाना जाता है। यहाँ के लोग अपने घरों का निर्माण पास–पास नही करते है। बल्कि दूर–दूर पहाड़ों पर अपने घरों का निर्माण करते है और अपने खेतों पर ही मकान बनाकर रहते हैं। जिसका कारण यह है कि ये लोग अपने खेतों की निगरानी अच्छी प्रकार से कर सके। यह इनकी परम्परा को दर्शाता है।

एक परिवार में परिवार के सभी सदस्य और जानवर, पशु साथ–साथ रहते हैं। मकान के एक हिस्से में पशु रहते तो दूसरे हिस्से में परिवार के सदस्य स्वयं रहते हैं। बहुत सारे परिवारों में सर्दी की रातों में पशु को मकान में रखते हैं और इन्सान बाहर उनकी निगरानी करने के लिए सोता है। मकान को यहां पर "खोलरा" कहा जाता है। इस जनजाति के लोगों में लड़के की अपेक्षा लड़की होने पर अधिक खुशियां मनायी जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि लड़की की शादी के समय लड़के वालों से प्राप्त होने वाला पैसा जिसे "दापा" कहा जाता है, यह राशि 5000/–रूपये से कहीं अधिक हो सकती है।

भले ही अपने मकान दूर–दूर बनाकर रहते हो, फिर भी–यह एक समाज में रहते हैं। एक जाति वालों का सामान्यतः एक ही फले मे निवास होता है। इनकी सामाजिकता इसी से प्रमाणित होती है कि जब किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए, शादी हो या किसी की हत्या कर दी जाये तो ये ढोल बजाकर इसकी सूचना गॉव वालों को देते हैं। शादी, मृत्यु और हत्या के लिए अलग–अलग साज से ढोल बजाए जाते हैं, जिससे यह समझ में आ जाता है कि यह ढोल इस बात के लिए बजाया गया है।

अगर किसी व्यक्ति की हत्या हो गई है तो उसके लिए जो ढोल बजाया जाता है वो "वारिढोल" के नाम से जाना जाता है। कोटड़ा निवासी दुर्गादेवी का विचार है कि "इस ढोल की आवाज सुनते ही उस फले के सभी लोग वहॉ पहुँचते हैं, जिस घर वाले ने ढोल बजाया है। ये अपने धनुष–बाण लेकर के एकत्रित होते हैं और तय करते है कि क्या किया जाये। अगर हत्यारे का पता चलता है कि पास के ही किसी गॉव वाले ने हत्या की तो सभी उस गॉव पर चढ़ाई करते हैं और उससे पैसे लेते हैं, जिसे "वैरलेना" कहा जाता है। अगर वैर नहीं देता है तो उस सारे गॉव को लूट लिया जाता है और घरों को आग लगा दी जाती है। वैर का फेसला जब तक नहीं हो जाता तब तक उस लाश को भी नही जलाया जाता, चाहे लाश वहीं खराब क्यों न हो जाये।

अगर किसी हत्यारे का पता नही चलता तो उस व्यक्ति का नाम आता है, जिसका सबसे पास में मकान है या लाश जिस मकान के पास पड़ी है। अगर हत्या खेत में हुई है और पता नहीं चलता कि हत्या किसने की है तो उस खेत में एक पत्थर रख दिया जाता है और अगर कोई उस पत्थर को हटाता है तो उसी का नाम आता है और उसी से वैर वसूल किया जाता है।

समाज में जो पिता का स्थान ही सर्वोच्च होता है। लड़के–लड़कियों की शादी बहुत कम उम्र में ही हो जाती है। ज्यादातर लड़के व लड़किया अपनी इच्छा से ही व पसन्द से ही विवाह करते हैं। शादी से पहले ही दो या तीन बच्चे हो जाते हैं और लड़का व लड़की साथ–साथ रहते हैं। इसे इस समाज में बुरा नही समझा जाता है। ज्यादातर लड़के प्रेम विवाह ही करते हैं। शादी में दहेज भी दिया जाता है। पुनर्विवाह की प्रथा भी इनमें पायी जाती हैं। लोग 60–70 साल की उम्र में भी

पुनर्विवाह करते हैं। बहुपत्नी प्रथा भी यहां प्रचलित है। समाज में स्त्रियों की स्थिति बहुत खराब है। महिलाएँ पुरूषों से ज्यादा कार्य करती हैं।

इन लोगों के आपसी फेसले पंचायत में होते हैं, अगर कोई पंचायत होती है तो उसमें एक व्यक्ति बोलता है और अन्य सभी लोग सुनते है। बहस ये लोग नही करते हैं तथा बड़ों व अतिथि का पूर्ण रूप से सम्मान करते हैं। चलते समय ये लाईन बनाकर चलते हैं और बड़ों को हमेशा आगे रखते हैं। यहां अधिकांश लड़ाईयाँ महिलाओं को लेकर होती हैं। जिसमें शक की बुनियाद पर भाई–भाई की हत्या कर देता है।

व्यक्ति की मृत्यु होने पर 12 दिन बाद जो 12वां किया जाता है, उसे "काण" कहा जाता है और मृत्यु भोज को "लोकायी" कहा जाता है। लोकायी में सभी गॉव वालों का हिस्सा होता है, जिसमें मीठे चावल बनाये जाते है।

लुटमार भी यहाँ खूब होती है। अगर किसी को लूटा जाता हैं और वह अपना सामान स्वैच्छा से देता है तो भी ये उसे पीटकर ही सामान लेते हैं, इसके पीछे यह धारणा है कि उन्होंने भीख नहीं ली, बल्कि मेहनत करके प्राप्त किया।

यहां के समाज में नेवटी के मेले का भी बहुत महत्व है। नेवटी गुजरात राज्य के देलवाड़ा के पास एक स्थान है, जो साबरमती नदी के किनारे है। इस मेले में मुख्यतः मृतक की अस्थियॉ विसर्जित की जाती है। इसमें एक लाख से भी ज्यादा आदिवासी महिला और पुरूष भाग लेते है। इसी मेले में लड़के और लड़कियां एक–दूसरे को पसन्द करते हैं और भागकर शादी कर लेते हैं।

यहां के लोग ईश्वर में बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं। अभिवादन में ये लोग राम–राम करते हैं। इनके यहां मन्दिर नहीं पाए जाते हैं, बल्कि देवरे पाए जाते हैं। भले ही ये राम–राम करके अभिवादन करते हो, लेकिन राम–सीता, कृष्ण, शिव व हनुमान की मूर्तियॉ इनके देवरों में नही पायी जाती है। उनके स्थान पर स्थानीय देवताओं बावजी, सतीमाता, खेतला जी, कडुबावजी की मूर्तियॉ पाई जाती हैं। देवरों पर भोपे भी होते हैं। रात–रात भर भजन–कीर्तन होते हैं और पशु बलि भी दी जाती है। चोर व साहूकार को कसम दिलवाई जाती है, जिसे "धीज कराना" कहा जाता है। मोलेला गांव से मृतक के नाम से मूर्तियॉ लाते हैं और उन्हें देवरों में चढाते हैं। मोलेला गांव से मूर्ति लाने से लेकर मूर्ति प्रतिस्थापित करने तक ये लोग इन मूर्तियों को जमीन पर नही रखते हैं, जिसे "हिंगाना" कहा जाता है।

ये लोग शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों तरह के होते हैं। गमेती जनजाति के लोग पाड़ा (भैंसा) का मांस भी खाते हैं।

त्यौहारों में लोग विशेष रूचि लेते हैं। होली एवं दीपावली का त्यौहार यहाँ बहुत धुमधाम से मनाया जाता है। आठ दिन तक यहा इस उत्साव का माहौल रहता है और नाचते हैं, इन नाचने वाले समूहों को "गैर" कहा जाता है। इस समय महिलाएँ भी खूब शराब पीती है। रात–रात भर इनके नृत्य चलते रहते हैं। ढोल के थाप पर थिरकते पैर हर किसी का मन मोह लेते है।

अंतिम संस्कार के रूप में यहां जलाने व दफनाने दोनों प्रथाएँ पायी जाती हैं। जलाने के समय गांव वाले अपने–अपने घर से एक–एक लकड़ी लेकर आते हैं और अंतिम संस्कार पूर्ण करते हैं। छोटे बच्चों, भक्त, भोपें और सन्तों को दफनाया जाता हैं और उनकी समाधि भी बनायी जाती है। कोटड़ा क्षेत्र की इन सामाजिक, धार्मिक एवं पिछड़ेपन की स्थिति को छिन्न–भिन्न करने का एक ही रास्ता है, कि समाज में ऐसे लोगों को ढूंढ निकालना, जो पुराने को छोड फैंकने नूतन के सृजन की शक्ति बन सकें।

सर्व शिक्षा अभियान में समस्त गतिविधियों के संचालन में सामुदायिकता भागीदारी आवश्यक है। अतः राजस्थान में सबसे न्यूनतम् साक्षरता दर कोटड़ा तहसील में है, जिसमें महिला 11.14 पुरूष 37.55 योग 24.52 है। अतः सर्व शिक्षा अभियान में संचालित समस्त गतिविधियों का समावेश इस तहसील के उत्थान हेतु आवश्यक होगा।

नवाचार

भूमिका

उदयपुर जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप सामान्य समुदाय के साथ संचालित होने वाली गतिविधियाँ गुणात्मक रूप से क्रियान्वित नहीं हो पाती हैं। अतः इस प्रकार के समुदाय एवं स्थान विशेष को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य गतिविधियों से हटकर नई सोच एवं गतिविधियों द्वारा लक्ष्यों को प्राप्त करना ही नवाचार है।

बालिका शिक्षण शिविर

सर्वे में चिन्हित 8 से 14 आयुवर्ग के बालक/बालिकाएँ जो कभी विद्यालय जा नहीं पाये हैं अथवा कक्षा 1 से 3 के मध्य ही अध्ययन करते हुए विद्यालय छोड़ चुके हैं, को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बालिका शिक्षण शिविर है।

बालिका शिक्षण शिविर के माध्यम से 3 माह से लेकर 8–9 माह की अवधि के लिए बालक–बालिकाओं को आवासीय परिस्थितियों में निर्धारित शिविरों में रखकर अधिगम मंजूषा को पूर्ण करवाया जाता है। चूंकि बालिका शिक्षण शिविर में अध्ययन करने वाले बालक–बालिकाएँ उम्र में बड़े होते हैं, अतः इनके सीखने की गति पर्याप्त रहती है, जो कम अवधि में शिक्षण–अधिगम के निर्धारित मानदण्ड को पूरा कर लेते हैं।

लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा बालिका शिक्षण शिविर के लिए विशेष रूप से 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षणों में माध्यम से प्रशिक्षित पेराटीचर इन्हें हर संभव संबलन देते हैं तथा उपयुक्त परिस्थितियां उपलब्ध करवाकर तीव्र प्रगति में बढ़ने को प्रेरित करते है। इस प्रकार 3 माह तथा 7 माह के प्रशिक्षण शिविरों में बालिकाओं को क्रमानुसार साप्ताहिक, मासिक टेस्टों के आधार पर प्रति माह में मूल्यांकन कर प्रगति की जानकारी हासिल करते हैं।

बालिका शिक्षण शिविर में सर्वे के अतिरिक्त भी शेष बालक–बालिकाओं को सम्मिलित किया जा सकता है एवं निश्चित परिणाम प्राप्त होने पर उचित स्तर की औपचारिक परीक्षा दिलवाई जाकर औपचारिक विद्यालयों की कक्षाओं में प्रवेश दिलाया जाता है तथा जिन तहसीलों में आवासीय हॉस्टल हैं, उनमें इन बालिकाओं को प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जाता है।

इस प्रकार लोक जुम्बिश परियोजना, उदयपुर द्वारा कुल 11 विकास खण्डों में 16 बालिका शिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिनमें धरियावद में 1, कोटड़ा में 1, गोगुन्दा में 1, भीण्डर में 1, खेरवाडा में 1, सराड़ा में 1, सलूम्बर में 1 कुल– 7 शिविर पूर्ण हो

चुके हैं। तथा शेष 9 शिविर सफलतापूर्वक संचालित हैं। जिनमें बालिकाओं का कुल नामांकन 1384 तथा पेराटीचर्स–65 कार्यरत हैं। समाज में लोक जुम्बिश द्वारा चलाये जा रहे इन बालिका शिक्षण शिविर की गुणवत्ता क्रियान्वयन की शैली एवं सफल संचालन की समग्र प्रशंसा की जा रही है। सर्वशिक्षा अभियान में बालिकाओं की शिक्षा जिसमें जनजाति व अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों की शिक्षा आदि में विशेष स्थान दिया गया है।

जनजातिय आवासीय छात्रवास

उदयपुर जिले में 11 ब्लॉकों में से 7 ब्लॉकों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं। अकाल एवं गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले परिवारों के बालक बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आवश्यक है कि ऐसे स्थानों में जनजातीय आवासीय छात्रवास खोले जाये। वर्तमान में उदयपुर जिले में अल्प कालीन छात्रवास कुल तीन संचालित है। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ब्लॉक में एक जनजाति आवासीय छात्रवास खोला जायेगा।

उपचारात्मक शिक्षण

ऐसे कामकाजी बालक जिनमें पढ़ने के प्रति ललक होती है, किन्तु पर्याप्त साधन सुविधाओं के अभाव में वे अपने आपको अन्य बच्चों की अपेक्षा कमजोर महसूस करते हैं। एवं जिन बच्चों की विषय विशेष की कमजोरी होती हैं। उन बालकों के लिये परीक्षा से पूर्व 15 दिवसीय आवासीय उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से उनकी शैक्षणिक कमजोरी दूर की जाती है। जिससे वे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो। वर्तमान में लोक जुम्बिश परियोजना द्वारा संचालित सहज शिक्षा केन्द्र में अध्ययनरत कक्षा 5 वीं का 10 दिवसीय उपचारात्मक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप बालक एवं बालिका अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं। सर्व शिक्षा अभियान में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के उपचारात्मक शिक्षण पर शिविर लगाये जायेंगे। एवं विषय विशेष की कमजोरियों को दूर करने हेतु विषयवार उपचारात्मक केन्द्र भी प्रस्तावित किये जाऐगें।

कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम

परीक्षार्थी	योग
कुल परीक्षार्थी	33891
प्रथम श्रेणी	13645
द्वितीय श्रेणी	12918
तृतीय श्रेणी	6236
उत्तीर्ण	
कुल उत्तीर्ण	32799
कुल उत्तीर्ण प्रतिशत	96.77 %

स्त्रेत – जिला प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय

कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम

परीक्षार्थी	छात्र	छात्र	योग
कुल परीक्षार्थी	13408	7635	21043
प्रथम श्रेणी	3672	2435	6107
द्वितीय श्रेणी	4146	2414	6560
तृतीय श्रेणी	2312	1020	3332
कुल उत्तीर्ण	10130	5869	15999
कुल उत्तीर्ण प्रतिशत	75.55 %	76.87 %	76.06 %

स्त्रेत – जिला प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय

संख्यात्मक एवं गुणात्मक दृष्टि से जिले का कक्षा 5 एवं कक्षा 8 का बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है।

आदर्श विद्यालय की स्थापना

ग्रामीण परिवेश में 10 या 12 प्राथमिक विद्यालयों को मिलाकर या सम्मिलित कर उ.प्रा. विद्यालयों का एक नॉडल केन्द्र बनाया जाता है। विद्यालय आकर्षक हों, आकर्षण का केन्द्र बने

तथा जिसमें आनन्ददायी शिक्षा प्राप्त हो। इस प्रकार के उच्च प्राथमिक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापना की जायेगी। ऐसे विद्यालय में सभी प्रकार की शैक्षणिक सुविधाएँ मुहैया कराई जायेंगी। पर्याप्त कक्षाकक्ष का निर्माण कराया जायेगा। सभी तरह की शैक्षणिक सुविधाएँ खेल सामग्री, पुस्तकालय, अधिगम अध्ययन सामग्री का निर्माण कराया जायेगा। ताकि 10 प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक–अध्यापिकाओं के लिए ये विद्यालय प्रेरणादायी हो। शिक्षा में गुणात्मक सुधार को दृष्टिगत रखते हुए इन 10 विद्यालय के अध्यापकों में से कुछ अध्यापक एवं अन्य सदस्यों को बुलाकर एक टीम गठित की जायेगी जो स्वयं भी कभी–कभी पाठ्य प्रदर्शन भी करेगी तथा गुणवत्ता बनाये रखने में अपेक्षित सुझाव देगी।

— शैक्षिक उन्नयन कमेटी के निम्न सदस्य होंगे —

- आदर्श विद्यालय के प्रधानाध्यापक।
- प्राथमिक विद्यालय के विज्ञान अध्यापक।
- प्राथमिक विद्यालय के गणित अध्यापक।
- प्राथमिक विद्यालय के अंग्रेजी अध्यापक।
- संकुल प्रभारी, लोक जुम्बिश परियोजना।
- एक सेवा निवृत्त अधिकारी।
- एक जागरूक महिला कार्यकर्ता।

सर्व शिक्षा अभियान में ऐसे आदर्श विद्यालय की स्थापना की जायेगी जो अध्ययन का एक केन्द्र बिन्दु हो तथा इसे लघु शोध संस्थान के रूप में स्थापित किया जा सके।

स्कूली एवं किशोरी बालिकाओं के लिए कार्यशालाओं का आयोजन

बालिका शिक्षा की दर इस जिले में कम होने की वजह से शैक्षिक माहौल बनाने हेतु स्कूली एवं अनौपचारिक विद्यालय की बालिकाएं और शिक्षा से वंचित बालिकाओं के लिए कार्य ालाएँ आयोजित की जायेगी। जिनमें बालिकाओं को शैक्षिक महत्ता, कौ ल, गृहकार्य में दक्षता, घर की साज–सज्जा के कार्य आदि के साथ–साथ शैक्षिक गतिविधियों से भी जोड़ा जायेगा। बारां जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में चार–चार कार्यशाला आयोजित करवाये जाने का प्रावधान रखा गया हैं।

चरागाह विद्यालय

उदयपुर जिला अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण एवं अरावली पहाड़ी क्षेत्रें में बसे लोगों के पास उपजाउ जमीन का अभाव होने से इस क्षेत्र के लोग जीविकोपार्जन हेतु नजदीक के कस्बों या शहर की ओर मजदूरी हेतु चले जाते है और बच्चों को मवेशी चराने जंगल में भेज देते हैं। जिससे ये बच्चे शिक्षा से जुड नहीं पाते हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए उदयपुर जिले में लोक जुम्बिश परियोजना, झाड़ोल में तीन चरागाह कम शिक्षा मित्र केन्द्र खोले। जिसमें ये हार्डकौर बालक जो विद्यालय या केन्द्रों में नहीं जा पा रहे थे, को जोड़ा गया। केन्द्र का स्थान बच्चों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऐसी जगहों पर किया गया जहाँ ये बच्चे पशुओं को चराने जाते हैं या पशु जहाँ पानी पीने आते हो, और विश्राम करते हो। अनुदेशक उन बच्चों को वहाँ इकट्ठा करके शिक्षा कार्य करवाता है। बच्चों का पढ़ाई में ध्यान लगा रहे, पूर्ण मनोयोग से पढ़ सकें, इस हेतु पशुओं की देखभाल हेतु सहायिका लगायी गई, जो उन ग्वाल जाने वाले बच्चों के पशुओं का ध्यान रखती है। यद्यपि लोक जुम्बिश परियोजना झाड़ोल में प्रारम्भ में तीन चरागाह कम शिक्षा मित्र केन्द्र (मोबाईल) केन्द्र ही खोले थे और प्रगति व उसका परिणाम आशानुरूप रहा और ऐसे हार्डकोर बालकों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा। ऐसे बच्चों हेतु यदि ऐसे हीं विद्यालयों की व्यवस्था की जाए तो ये निश्चय ही शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं और शिक्षा का सार्वजनीनकरण का सपना साकार हो सकता है।

शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम

अंग्रेजी में कहावत है – *"Sound body has a sound mind."*

उक्ति निश्चय ही शिक्षण का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यदि विद्यार्थी स्वस्थ नहीं रहेगा तो निश्चय ही शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न होगी और शिक्षण की गुणात्मकता पर प्रभाव पडेगा। उदयपुर जिला चूँकि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहाँ के निवासी अंधविश्वास, जादू–टोना, झाड–फूँक आदि में विश्वास रखते हैं तथा स्वास्थ्य के प्रति उनकी जानकारी कम होती है। गरीब होने के कारण उन्हें संतुलित आहार नहीं मिल पाता हैं, जिससे बच्चे कुपोषण के शिकार होकर बीमार रहते हैं। इस वजह से भी शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यदि शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया जाये, जिसमें विद्यालय/केन्द्रों में पढ़ने वाले समस्त बालकों का एक स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाये जिसमें बालक के स्वास्थ्य के बारें में समस्त सामान्य जानकारियाँ हो और प्रतिमाह उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जावे व

